<u>संदेश</u>

बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर मैं सभी देशवासियों और पूरे विश्व-समुदाय में विद्यमान भगवान बुद्ध के अनुयायियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

करुणा के अवतार भगवान बुद्ध ने सत्य, अहिंसा, शांति और सम्पूर्ण मानवता तथा जीव-जन्तुओं के प्रति प्रेम-भावना का संदेश दिया है। भगवान बुद्ध ने कहा था, 'अप्प दीपो भव' अर्थात अपने दीप स्वयं बनो। उन्होंने सहिष्णुता, आत्मज्ञान और सदाचार की शिक्षा दी जो हमें मानवता की सेवा करने के लिए प्रेरित करती है। उनका अष्टांगिक मार्ग हमें सार्थक जीवन की राह दिखाता है।

आइए, हम सब भगवान बुद्ध के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करके सामाजिक समरसता को मजबूत करें और राष्ट्र निर्माण का संकल्प लें।

****